प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 31.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। कल तक तीन करोड़ से अधिक पंजीकरण दर्ज किए गए है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि भागीदारी का व्यापक स्तर परीक्षा पे चर्चा को एक सच्चा जन आंदोलन साबित करता है। देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया है, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। यह पहल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज डीग जिले के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। वे प्रसिद्ध तीर्थस्थल 'पूंछरी का लौठा' जायेंगे। वहां दर्शन के बाद वे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री शर्मा नए साल के अवसर पर डीगवासियों से रूबरू होंगे। कल मुख्यमंत्री श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना कर वापस जयपुर आयेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

....

शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की युवा लेखक मार्गदर्शन स्कीम पीएम–युवा के तीसरे चरण की प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके अंतर्गत 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी की 43 कृतियों का चयन किया गया है। चयनित कृतियों को छह महीने के भीतर पुस्तक का रूप दिया जाएगा। प्रत्येक चयनित लेखक को हर महीने पचास हजार रुपये की छात्रवृत्ति और प्रकाशित पुस्तक पर 10 प्रतिशत की आजीवन रॉयल्टी भी मिलेगी। पुस्तकों का पहला सेट अगले साल प्रकाशित किया जाएगा। पीएम–युवा स्कीम का उद्देश्य देश के साहित्य और विचारों का प्रतिनिधित्व करने वाले देश–विदेश के लेखकों की नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करना है।

....

प्रदेश में नए साल के स्वागत को लेकर विभिन्न स्थानों पर पर्यटकों की रौनक बनी हुई है। पर्यटकों की भारी भीड़ के चलते जयपुर के अधिकांश होटल पहले से ही फुल हो चुके हैं। जयपुर के साथ ही जैसलमेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर जैसे प्रमुख शहरों में भी नववर्ष के आयोजन को लेकर कई जगह तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रमों को देखते हुए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। जयपुर पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर के प्रत्येक थाना क्षेत्र में थ्री–लेयर गश्त लागू की गई है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में 45 अतिरिक्त नाके लगाए गए हैं। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अधिकारी रात एक बजे तक फील्ड में रहकर अपने–अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। नए साल पर प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सीकर स्थित खाटूश्यामजी मंदिर मार्ग पर नो व्हीकल जोन लागू रहेगा और करीब तीन हजार सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। जयपुर के गोविंददेवजी मंदिर में दर्शन का समय बढाया गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार इन दो दिनों में करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। वहीं मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी की तर्ज पर दर्शन व्यवस्था की गई है, जहां सात प्रवेश लाइनें और आठ निकासी मार्ग बनाए गए हैं।

....

नए साल की शुरुआत के साथ कल से पुरा स्मारकों को देखना महंगा होगा। पुरातत्व विभाग ने जयपुर के आमेर किला, हवामहल, जंतर–मंतर और अल्बर्ट हॉल सहित सभी प्रमुख स्मारकों के टिकट दरों में बढ़ोतरी की है। इन स्मारकों में प्रवेश के लिए एकल और कंपोजिट टिकट की नई दरें तय कर दी गई हैं। सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार टिकट दरों में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी की गई है। किसी भी दिन लिया गया कंपोजिट टिकट 10 दिन तक मान्य रहेगा। अधिकारियों का कहना है कि टिकट दरों में यह बढ़ोतरी 10 साल बाद की गई है।

....

प्रदेश में आज बीकानेर, जोधपुर, अजमेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों के कुछ भागों में मावठ होने की संभावना है। आज सुबह जैसलमेर में हल्की बारिश हुई है। बाड़मेर में आज बादलों की आवाजाही के कारण ठिठुरन बनी हुई है। हनुमानगढ़ में कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मंगलवार को भी सुबह से घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता बहुत कम रही। कल से बीकानेर, जयपुर, भरतपुर

संभाग के कुछ भागों में हल्की बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि नये साल में कई जिलों में तेज कोहरे की चेतावनी जारी की गयी है।

.....

....